पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में निर्मित दुकानों की हो रही है नीलामी, अच्छे लोकेशन में दुकान खरीदने का मिल रहा है मौका, पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन, दुकान लेने करे शीघ्र अप्लाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 4 शिवाजीनगर जोन अंतर्गत पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार भिलाई में निर्मित प्रथम तल की दुकानों की नीलामी व्यवसायिक प्रयोजन के लिए की जा रही है। इसकी प्रक्रिया पूरी तरीके से ऑनलाइन होगी। ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया चालू है, 26 अप्रैल 2023 समय 5:30 बजे तक ऑनलाइन दस्तावेज जमा कर सकते हैं। नेशनल हाईवे से लगा हुआ लोकेशन में दुकान बना हुआ है। प्रथम तल की 48 दुकाने नीलामी के लिए तैयार है। सभी के ऑफ़सेट मूल्य, धरोहर राशि और दुकान का किराया राशि का निर्धारण भी कर दिया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए एवं नियम शर्तो को जानने के लिए तथा मानचित्र या उससे संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in व www.bhilainagarnigam.com तथा www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकारो को ऑक्शन में भाग लेने के लिए https://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया की संपूर्ण कार्यवाही भी इसी पोर्टल के माध्यम से होगी। अधिक जानकारी के लिए अशोक कश्यप के मोबाइल नंबर 9098817420 पर संपर्क कर सकते है।